कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-21.04.2024

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा हत्या के मामले मे वांछित 25000/- रू0 का इनामिया अभियुक्त रोमियो उर्फ राजकुमार उर्फ अमित डोम उर्फ आर्यन उर्फ पाण्डे गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-332/2023 धारा 302/34/323/504/506/120-बी/201 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित 25000/- रू0 का इनामिया अभियुक्त रोमियो उर्फ राजकुमार उर्फ अमित डोम उर्फ आर्यन उर्फ पाण्डे पुत्र अखिलेश कुमार निवासी सा0 22/162 पुरानापुल थाना सारनाथ वाराणसी को दिनांक-20.04.2024 को समय करीब 19.00 बजे अभियुक्त के घर सा0 22/162 पुरानापुल थाना सारनाथ वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त रोमियो उर्फ राजकुमार उर्फ अमित डोम उर्फ आर्यन उर्फ पाण्डे ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-21/07/2023 को सुबह के समय पंचकोशी सब्जी मंडी के पास शुभ कुन्ज लान के बगल में खड़े बब्लू सोनकर को मैने, नत्थु सोनकर व अन्य लोगों ने एक राय होकर लाठी डण्डे से मारा-पीटा था और इसी मार-पीट में बब्लू सोनकर के सर मे चोट लग गयी थी जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- रोमियो उर्फ राजकुमार उर्फ अमित डोम उर्फ आर्यन उर्फ पाण्डे पुत्र अखिलेश कुमार निवासी सा0 22/162 पुरानापुल थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

इनाम की राशि- 25000/- रू0।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान-दिनांक-20.04.2024 को समय करीब 19.00 बजे अभियुक्त के घर सा0 22/162 पुरानापुल थाना सारनाथ वाराणसी से।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 धीरेन्द्र तिवारी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 महेश मिश्रा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
3- उ0नि0प्र0 शिवनारायन सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
4- हे0का0 विनय कुमार मिश्रा थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
5- का0 अंकित कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी